## अमेरिका और इजरायल के बीच कूटनीतिक दूरी और बढ़ी

# नेतन्याहू ने अपने दल का दौरा रद्द कर दिया

▶▶ युद्धविराम के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर मतदान से परहेज किया था

▶▶ प्रधान मंत्री नेतन्याहू ने फैसला किया कि प्रतिनिधिमंडल नहीं जाएगा

तेजयुग न्यूज



**तेल अवीवः** संयुक्त राष्ट्र में युद्धविराम मतदान से अमेरिका के दूर रहने के बाद इजरायली प्रधान मंत्री नेतन्याहू ने प्रतिनिधिमंडल का अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है। इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को वाशिंगटन, डी.सी. में एक इजरायली प्रतिनिधिमंडल को भेजना रद्द कर दिया, जो इस सप्ताह आने वाला था क्योंकि अमेरिका ने गाजा में इजरायल और हमास के बीच तत्काल युद्धविराम के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर मतदान से परहेज किया था। नेतन्याहू के कार्यालय के एक बयान में कहा गया, अमेरिकी स्थिति में बदलाव के मद्देनजर, प्रधान मंत्री नेतन्याहू ने फैसला किया कि प्रतिनिधिमंडल नहीं जाएगा। इसमें कहा गया है कि प्रस्ताव को अवरुद्ध करने में विफलता अपनी पिछली स्थिति से स्पष्ट वापसी थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहले गाजा में इजराइल और हमास के बीच तत्काल युद्धविराम के लिए एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार उसने ऐसी मांग की है। 15 में से चौदह देशों ने युद्धविराम प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें रमजान के महीने के लिए गाजा में लड़ाई रोकने का आह्वान किया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका मतदान से अनुपस्थित रहा। सुरक्षा परिषद शुक्रवार को संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा तैयार इसी तरह के प्रस्ताव को अपनाने में विफल रही थी, अल्जीरिया, चीन और रूस ने इस उपाय के खिलाफ मतदान किया था। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने सोमवार को कहा कि वह तत्काल और स्थायी युद्धविराम लाने, तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका, कतर, मिस्र के नेतृत्व में चल रहे राजनयिक प्रयासों के समर्थन का स्वागत करती है। सभी बंधकों और गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों की जबरदस्त पीड़ा को कम करने में मदद करें जिन्हें सुरक्षा और जीवन रक्षक मानवीय सहायता की सख्त जरूरत है।

उन्होंने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका इन महत्वपूर्ण उद्देश्यों का पूरा समर्थन करता है। वास्तव में, वे उस संकल्प की नींव थे जो हमने पिछले सप्ताह रखा था।

## पूर्वी सीरिया में हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 15 हुयी

**दमिश्कः** पूर्वी सीरिया में हुए हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर 'मन राइट्स ने कहा कि मारे गए लोगों में से 14 ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स के सदस्य थे, जिनमें एक लक्षित संचार केंद्र के लिए जिम्मेदार उच्च रैंकिंग वाले ईरानी सलाहकार भी शामिल था। निगरानी समूह ने कहा कि हमलों में 24 सैन्यकर्मी और 10 नागरिक भी घायल हुए हैं। इस बीच, सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने ईरान समर्थित मिलिशिया लड़ाकों के बारे में कोई जानकारी दिए बिना मरने वालों की संख्या आठ बताई है, जिसमें सात सैन्यकर्मी और एक नागरिक शामिल है। रक्षा मंत्रालय ने हवाई हमलों के लिए अमेरिकी सेना को दोषी ठहराया है। वहीं ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि वह इसके लिए जिम्मेदार पार्टी की पुष्टि नहीं कर सकता। समूह ने कहा कि संभवतः इजरायल की संभावित भागीदारी के साथ अमेरिकी सेना द्वारा ये हमले किए गए है।

## डरावना है देश में बेरोजगारी का आंकड़ाः खडगे-प्रियंका



तेजयुग न्यूज

**नयी दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेरोजगारी के ताजा आंकड़े को डरावना करार देते हुए बुधवार को कहा कि देश का युवा मोदी सरकार की उदासीनता का खामियाजा भुगत रहा है। श्री खडगे ने कहा, हमारे युवा मोदी सरकार की दयनीय उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे हैं, क्योंकि लगातार बढ़ती बेरोजगारी ने उनका भविष्य बर्बाद कर दिया है।

आईएलओ और आईएचडी रिपोर्ट निर्णायक रूप से कहती है कि भारत में बेरोजगारी की समस्या गंभीर है और हम बेरोज़गारी के 'टिक टिक बम' पर बैठे हैं। लेकिन सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार यह कहकर प्रिय नेता का बचाव करते हैं कि 'सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक, आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती।आईएलओ की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, 83 प्रतिशत बेरोजगार भारतीय युवा हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 17.5 प्रतिशत युवा नियमित काम में लगे हुए हैं।

उद्योग और विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत लोगों की हिस्सेदारी 2012 से कुल कार्यबल के 26 प्रतिशत पर ही बनी हुई है। आर्थिक गतिविधियों में शामिल युवाओं का प्रतिशत 2012 में 42 प्रतिशत से घटकर 2022 तक 37 प्रतिशत हो गया।

## गौड़ समाज ने किया होली मिलन समारोह

तेजयुग न्यूज

**अयोध्याः** सोहावल विकास खण्ड के ग्राम सभा हाजीपुर वरसेंडी मजरे अम्बर पुर के निकट स्थित गौड़ समाज के मन्दिर पर भाजपा पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने गौड़ समाज के लोगों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार लोगो को गिले शिकवा भूल कर एक दूसरे को गले लगाने का त्योहार है। यह त्योहार लोगो को जोड़ता है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय ने कहा कि होली का त्योहार बुराईयों को नष्ट कर अच्छाई का संदेश देता है। और जिस तरह सभी प्रकार का रंग आपस मे मिलकर एक तरह हो जाता है। उसी तरह सभी लोगो को गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। श्री पाण्डेय ने कहा जिस तरह प्रदेश व देश की सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है सभी को बराबर का भागीदार मानते हुए सब को हर योजना का बराबर लाभ मिलता है। बीकापुर विधायक डॉ अमित सिंह चौहान ने बताया कि देश व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार किसी के साथ भेदभाव नही करती है राशन से लेकर किसान सम्माननिधि, गैस कनेक्शन, किसानों को फ्री बिजली, प्रसव पीड़ित महिलाऐ को लाभ दिलाना हो बच्चों को स्कूल में शिक्षा आदि किसी भी योजना में सरकार ने जाति धर्म को नही देखा सभी को बराबर का लाभ दिया गया है। और सभी लोगो से जाति पाँति भुलाकर भाजपा प्रत्याशी को वोट करने की अपील किया।

## कंगना के प्रति कांग्रेस की अभद्र टिप्पणी पर भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

तेजयुग न्यूज



**शिमलाः** फिल्म अभिनेत्री एवं हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया हैंडल से की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर बुधवार को भाजपा ने मंडी जिला मुख्यालय पर कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और शहर में एक रोष रैली निकाली। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

श्री ठाकुर ने कहा कि महिलाओं का अपमान करने वाली कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि वे कभी नारी शक्ति का सम्मान नहीं कर सकते। आज कंगना रनौत ने अभिनय के क्षेत्र में कामयाबी के झंडे गाड़ने के बाद राजनीति में कदम रखा तो कांग्रेसियों में बौखलाहट पैदा हो गई है। यह वही कांग्रेस है, जिनके रहते प्रदेश में गुड़ियां हत्याकांड हो गया और वे कुछ नहीं कर पाए। उन्होंने आरोप लगाया कि नैना साहनी का कांड भी इसी कांग्रेस के शासन में हुआ है। लेकिन मंडी की बेटी का जिस तरह से अपमान करने की कोशिश की गई है उसे किसी भी लिहाज से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मंडी की बेटी के अपमान का बदला न सिर्फ मंडी बल्कि पूरे प्रदेश और देश की जनता लेगी। श्री ठाकुर ने कहा कि आज कांग्रेस नेत्री यह कह रही हैं कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट का एक्सेस बहुत से लोगों के पास है। यदि ऐसा है तो जिसने यह पोस्ट डाली उसके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में महिला आयोग के माध्यम से चुनाव आयोग को शिकायत भेजी गई है और चुनाव आयोग से जल्द से जल्द दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। श्री ठाकुर ने बागी हो रहे नेताओं पर बोलते हुए कहा कि चुनावों के दौरान कुछ लोगों का नाराज होना स्वाभाविक है।

ऐसे लोगों के साथ वार्ता की जा रही है और जल्द ही सभी को मना लिया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सभी विधायक, पूर्व मंत्री, पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि महिलाओं का अपमान करने वाली कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि वे कभी नारी शक्ति का सम्मान नहीं कर सकते।

## इटावा में कंसबध की मटकी फोड़ने वाले पिता पुत्र गिरफ्तार

**इटावा :** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बकेवर इलाके में लाइसेंसी राइफल से हवाई फायरिंग कर कंसबध की मटकी फोड़ने वाले पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बुधवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस सोशल मीडिया पर निगरानी रख रही है। इस दौरान पुलिस को लाइसेन्सी बन्दूक से फायर करने के सम्बन्ध में वीडियो प्राप्त हुआ और सोशल मीडिया सेल ने तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना बकेवर को प्रकरण के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी गयी जिसके बाद में तत्काल थाना बकेवर पर धारा 153-एए/188 व 5/27/30 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। बकेवर पुलिस ने वीडियो में दिख रहे भगवन्त सिंह एवं राहुल को ग्राम खितौरा से गिरफ्तार किया।

## अमेरिका के ज्यादातर मतदाता बाइडन को मानते हैं एक कमजोर सैन्य नेता

**वाशिंगटनः** अमेरिका में अधिकांश संभावित मतदाता राष्ट्रपति जो बाइडेन को हाल के अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में अमेरिकी सेना के एक कमजोर कमांडर और प्रमुख मानते हैं। अट्ठारह से 20 मार्च के बीच कराए गए रासमुसेन रिपोर्ट्स पोल में यह खुलासा हुआ है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि श्री बाइडेन हाल के अमेरिकी राष्ट्रपतियों की तुलना में कमजोर सैन्य कमांडर हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि एक-चौथाई से भी कम यानी 24 फीसदी उत्तरदाताओंका मानना है कि श्री बाइडेन हाल के अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में एक मजबूत सैन्य नेता हैं, जबकि 20 प्रतिशत श्री बाइडेन को अन्य राष्ट्रपतियों की तरह ही मानते हैं। पोल रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल 2022 के बाद से आंकड़ों में केवल थोड़ा बदलाव आया है। यह सर्वेक्षण यूक्रेन और इज़रायल में संघर्षों के साथ-साथ लाल सागर में एक सैन्य अभियान में अमेरिका की भागीदारी के बीच आया है। सर्वेक्षण में 1,114 संभावित अमेरिकी मतदाताओं का सर्वेक्षण किया गया और 95 फीसदी विश्वास स्तर के साथ प्लस-या-माइनस तीन प्रतिशत अंक की त्रुटि का मार्जिन बनाए रखा गया है।

## रोगी कल्याण समिति के कामकाज पर लग रहा सवालिया निशान

**अयोध्याः** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सोहावल में गठित रोगी कल्याण समिति के काम काज को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे है। इसके पदेन अध्यक्ष बनाए गए उपजिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच और कार्यवाही की मांग की गई है। विकास खण्ड सोहावल क्षेत्र के अगेथुवा पूरे भुलई सुखारी निवासी बृजेंद्र कुमार सिंह द्वारा बुधवार को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप है समिति के सचिव बनाए गए सी एच सी प्रभारी और समिति के सदस्य मिल कर फर्जी विल बाउचरो से समिति के धन का दुरुपयोग कर रहे है। इस समिति के कोष से आने वाले रोगियों की सेवा और सुविधाओं पर खर्च का प्राविधान है। बुधवार को गर्भवती महिलाओ की जांच और सलाह, सेवाओं का दिन था लेकिन इनके बैठने, स्वक्ष पानी पीने तक की व्यवस्था लोगो को नही मिली अलबत्ता एक आशा संगिनी के भुगतान को लेकर भी विवाद उठ खड़ा हुआ।

## भाजपा से नहीं , जनता को है गठबंधन से उम्मीदःअखिलेश

तेजयुग न्यूज



**देवरियाः**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और देवरिया सदर लोकसभा सीट से इंडिया समूह से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) जिसको चाहे अपना उम्मीदवार बनाये, लेकिन यहां की जनता को उम्मीद गठबंधन प्रत्याशी से है। श्री सिंह ने बुधवार को ''यूनीवार्ता'' से कहा '' भाजपा ने देश और प्रदेश की सत्ता में रहने के बावजूद देवरिया के लिए कुछ नहीं दिया। जब भाजपा ने दस वर्षों में यहां कुछ नहीं दिया तो वह आगे क्या देगी। इनसे अब अपेक्षा नहीं की जा सकती। अब भाजपा का जाने का समय है। सत्ता अब इनके हाथ से 70 साल के लिए दूर होने वाली है। अब वे क्या देंगे, अब वे अपना ठिकाना ढूंढे। उन्होंने कहा कि गठबंधन के खाते से देवरिया सीट कांग्रेस के खाते में आने से लोगों में बहुत उत्साह है। देवरिया की जनता ने सांसद, विधायक, जिला पंचायत और नगर पालिका अध्यक्ष को चुन कर दिया है और यहां भाजपा की डबल इंजन की सरकार नहीं बल्कि चार इंजन की सरकार कार्य कर रही हो लेकिन भाजपा ने रिर्टन में देवरिया को कुछ नहीं दिया। श्री सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने यहां की जनता को कुछ नहीं दिया सिर्फ झूठे सब्जबाग और असत्य बाते।

## उम्मीद है कि अफस्पा हटाने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेगी भाजपाः महबूबा

तेजयुग न्यूज



**श्रीनगरः** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को उम्मीद जताई कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार जम्मू-कश्मीर में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) हटाने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेगी। सुश्री मुफ्ती केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान का जवाब दे रही थीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में अफस्पा हटाने पर विचार करेगी। जम्मू-कश्मीर स्थित गुलिस्तान न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में, गृहमंत्री ने यह भी कहा था कि सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून-व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। सुश्री मुफ्ती ने उम्मीद जताई कि उनकी यह बात देश में हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के भाजपा के वादे की तरह "जुमलेबाजी" नहीं होगी। सुश्री मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा '' पीडीपी ने सैनिकों को क्रमिक रूप से हटाने के साथ-साथ कठोर अफस्पा को हटाने की लगातार मांग की है। इसने हमारे गठबंधन के एजेंडे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी तैयार किया है, जिस पर भाजपा ने पूरी तरह से सहमति व्यक्त की है। देर आए दुरुस्त आए, लेकिन ऐसा तभी होगा,जब यह बात हर साल दो करोड़ नौकरियां पैदा करने या बैंक खातों में 15 लाख जमा करने जैसे खोखले वादे करने वाली जुमलेबाजी नहीं हो। कोई केवल उम्मीद कर सकता है कि वे कम से कम इस मामले में अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेंगे क्योंकि इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।'' उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को बात करनी चाहिए साथ ही कैदियों की रिहाई करनी चाहिए।

## रूस ने बेलगोरोड की ओर किए गए 18 हवाई हमलों को किया विफल

**मास्कोः** रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने बेलगोरोड शहर और बेलगोरोड जिले के 18 हवाई हमलों को नकाम कर दिया है जबकि एक व्यक्ति छर्रे लगने से घायल हो गया। प्रांत के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री ग्लैडकोव ने टेलीग्राम पर कहा,''हमारी वायु रक्षा प्रणाली बेलगोरोड और बेलगोरोड जिले में सक्रिय हो गई है। शहर की ओर बढ़ते हुए 18 हवाई लक्ष्यों को मार गिराया गया है। आपदा चिकित्सा के अनुसार एक व्यक्ति को कमर के क्षेत्र में छर्रे लगे हैं। एम्बुलेंस टीम उसे शहर के अस्पताल नंबर-02 में ले जा रही है। सभी आवश्यक चिकित्सा उपचार प्रदान किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि बेलगोरोड जिले में हवाई सुरक्षा विभाग के द्वारा यूक्रेनी सशस्त्र बलों के हवाई हमले को विफल करने के बाद डुबोवॉय, तवरोवो और निकोलस्कॉय के गांवों में कई घरों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया।

## अमेरिका के बाल्टीमोर शहर में पुल ढहने से छह लोगों की मौत की पुष्टि

**वाशिंगटनः** अमेरिका के बाल्टीमोर में एक पुल ढहने के बाद से लापता छह निर्माण श्रमिकों को अब मृत मान लिया गया है और अमेरिकी तटरक्षक बल ने तलाश एवं बचाव अभियान को निलंबित कर दिया है। ठंडे पानी के तापमान और कठोर समुद्री परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि यह संभावना है कि लापता व्यक्ति मर गए होंगे। उल्लेखनीय है कि 2.6 किलोमीटर लंबा फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से स्थानीय समय के अनुसार मंगलवार तड़के लगभग 1:30 बजे सिंगापुर के ध्वज वाले बड़े कंटेनर जहाज टकरा गयी थी। जो छह व्यक्ति लापता हो गए, वे सभी सड़क रखरखाव करने वाले कर्मचारी थे और कथित तौर पर पुल ढहने के समय वे गड्ढों की मरम्मत कर रहे थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, दो अन्य लोगों को पहले पटाप्सको नदी से बचाया गया था, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार कहा कि वह चाहते हैं कि संघीय सरकार पुल के पुनर्निर्माण के लिए भुगतान करे। पुल को 1977 में यातायात के लिए खोल दिया गया था और हर साल लगभग 115 लाख वाहन इसे पार करते थे। श्री बाइडेन ने कहा, ₹हम यह सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस में अपने सहयोगियों के साथ काम करेंगे कि राज्य को आवश्यक समर्थन मिले।

**हमला** किसी बड़े हमले की फिर से तैयारी कर रही है रूसी सेना

# एक लाख सैनिकों को एकत्रित किया जा रहा

▶▶ रूस संभावित ग्रीष्मकालीन आक्रमण के लिए 100,000 सैनिकों को तैयार कर रहा है

तेजयुग न्यूज



**कियेबः** रूस संभावित ग्रीष्मकालीन आक्रमण के लिए 100,000 सैनिकों को तैयार कर रहा है। यूक्रेन के जमीनी बलों के कमांडर ने चेतावनी दी कि रूस 100,000 सैनिकों को इकट्ठा कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक बड़े ग्रीष्मकालीन हमले से पहले हो सकता है। यूक्रेन युद्ध क्षमता बहाल करने के लिए कुछ ब्रिगेडों को वापस बुलाने की तैयारी कर रहा है। यूक्रेन के जमीनी बलों के कमांडर ने शुक्रवार को कहा कि रूस संभावित ग्रीष्मकालीन आक्रमण से पहले 100,000 सैनिकों को इकट्ठा कर रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल ऑलेक्जेंडर पावलियुक ने यूक्रेनी टीवी पर कहा, हम रूस की योजनाओं को पूरी तरह से नहीं जानते हैं। हम केवल उनके पास मौजूद डेटा और वे क्या बना रहे हैं, यह जानते हैं। वे समूह बना रहे हैं - 100,000 से अधिक। उन्होंने कहा, जरूरी नहीं कि यह आक्रामक होगा। शायद वे इसका इस्तेमाल अपनी उन इकाइयों को फिर से भरने के लिए करेंगे जो अपनी लड़ाकू क्षमता खो रही हैं। उन्होंने कहा, लेकिन ऐसी संभावना है कि गर्मियों की शुरूआत तक उनके पास एक दिशा में आक्रामक अभियान चलाने के लिए कुछ बल हो सकते हैं।

संभावित हमले की तैयारी के लिए, यूक्रेन ने अपनी लड़ाकू क्षमता को बहाल करने के लिए कुछ ब्रिगेड को वापस लेना शुरू कर दिया है, पावलियुक ने आगे कहा। थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर (आईएसडब्ल्यू) ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि रूस संघर्ष में पहल बनाए रखने के लिए पूर्वी यूक्रेन में लगातार आक्रामक अभियान जारी रख रहा है। पावलियुक ने कहा कि फरवरी में अवदीवका पर सफल कब्जा करने के बाद रूस संभवतः गति बनाए रखना चाहता है। शहर पर कब्जा करने के बाद से, रूसी सेनाओं को कुछ छोटी सफलताएँ मिली हैं, इस सप्ताह उन्होंने शहर के पास के दो गाँवों पर कब्जा करने का दावा किया है। पावलियुक ने कहा कि रूस यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में अवदीवका, लिमन और बखमुट की दिशाओं में अपने संसाधन लगा रहा है। अवदीवका की लड़ाई अब तक के सबसे खूनी युद्धों में से एक थी, जिसमें दोनों पक्षों को भारी नुकसान हुआ था। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने पहले एक खुफिया अपडेट में कहा था कि रूस फरवरी में यूक्रेन में प्रति दिन औसतन लगभग 1,000 हताहत हो रहा था, जो युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे अधिक है। विभाग ने गुरुवार को कहा कि हालांकि रूस लगातार मामूली बढ़त हासिल कर रहा है, लेकिन हाल के हफ्तों में उसकी प्रगति धीमी हो गई है, संभवतः अवदीवका पर कब्जा करने के अभियान में उसकी सेनाओं को हुए महत्वपूर्ण नुकसान के कारण।

## तरनतारन में बीएसएफ ने किया ड्रोन बरामद

**जालंधरः** सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के तरन तारन जिले से एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि आज सुबह, एक स्थानीय किसान ने तरनतारन जिले में सीमा सुरक्षा बाड़ के पीछे एक खेत में ड्रोन की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ सैनिकों को सचेत किया। त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए, बीएसएफ जवानों ने इलाके में गहन तलाशी अभियान चलाया। सुबह लगभग 08:30 बजे तलाशी अभियान के दौरान, बीएसएफ के जवानों ने तरनतारन जिले के थेकलां गांव से सटे एक खेत में एक छोटा ड्रोन सफलतापूर्वक बरामद किया। बरामद ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मेविक-3 क्लासिक ड्रोन है।



## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना कल जारी होगी




**नयी दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना कल यानी गुरूवार को जारी की जायेगी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जायेगा। उम्मीदवार चार अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और जम्मू कश्मीर को छोड़कर अन्य राज्यों में नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की जायेगी। जम्मू कश्मीर में नामांकन पत्रों की जांच 6 अप्रैल को की जायेगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा।